# SAMAGRA SHIKSHA, KERALA

**909**

## ANNUAL EVALUATION - 2021-2022

Third Language
**HINDI**

**STD. IX**

**Time : 90 minutes**
**Score : 40**

निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

**सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़कर 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> फिर, एक दिन एकाएक, वह गाड़ीवाला दिखाई दिया। पक्षी को बड़ी खुशी हुई। उसने पुकारकर कहा, "गाड़ीवाले! ओ गाड़ीवाले! मैं कब से तुम्हारा इंतज़ार कर रहा था।" पहचानी आवाज़ सुनकर गाड़ीवाला रुक गया। तब पक्षी ने कहा, "देखो, मैंने कितनी सारी दीमकें जमा कर ली हैं।" गाड़ीवाले को पक्षी की बात समझ में नहीं आई। उसने सिर्फ़ इतना कहा, "तो मैं क्या करूँ।" "ये मेरी, दीमकें ले लो, और मेरे पंख मुझे वापस कर दो", पक्षी ने जवाब दिया।

1. **'उसने'** में निहित सर्वनाम चुनकर लिखें। 1

   (क) वे (ख) यह (ग) वह (घ) ये

2. दीमक के बदले पक्षी क्या लेना चाहता है? 1

3. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

**अथवा**

संकेतों के आधार पर पक्षी की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें।

- बड़ों की बात न माननेवाला • आलसी
- प्रलोभन में फँसनेवाला • अपनी स्थिति पर निराश

**सूचना : 'गांधीजी गांधीजी कैसे बने' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।**

> आपके देश के अधिकांश लोग गरीब हों तो आपको फिज़ूलखर्ची और दिखावा नहीं करना चाहिए। अगर आप सचमुच अपने देश और देशवासियों से प्यार करते हैं तो आपको कम से कम में काम चलाना चाहिए। और सादगी का महत्व समझना चाहिए।

4. गाँधीजी के विचार में हमें क्या छोड़ना चाहिए? 1

   (क) सहानुभूति (ख) फिज़ूलखर्ची (ग) सादगी (घ) प्यार

5. अक्तूबर 2, गांधीजी का जन्मदिन है। इस अवसर पर 'ज़िंदगी में सादगी का महत्व' विषय पर आपके स्कूल में संगोष्ठी होनेवाली है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

**सूचना : 'जिस गली में मैं रहता हूँ' डायरी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 6 और 7 के उत्तर लिखें।**

> ब्राउन का चेहरा सुर्ख था। आँखें भी लाल-लाल थीं। उसकी ऊँचाई छह फुट से भी ज़्यादा थी। उसने मुझसे पूछा, "आप क्या करते हैं?" मैंने कहा, "उर्दू में कविता लिखता हूँ।" "तो तुम पोयट हो?" उसने कहा। मैंने सिर हिलाकर हामी भरी, "हाँ"। मेरे जवाब से ब्राउन को खुशी हुई। उसने अपने सिपाहियों को हुक्म दिया, "इनको इज़्ज़त के साथ घर वापस छोड़ आओ।"

6. 'आँखें भी लाल-लाल थीं।' -किसकी? 1


   (क) हडसन की (ख) ब्राउन की (ग) चिराग अली की (घ) गालिब की

7. ब्राउन ने गिरफ़्तार लोगों को छोड़ने का निर्देश दिया। कारण क्या था? 2

**अथवा**

वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें।

(कविता, अच्छी)




**सूचना : 'टीवी' पटकथा का यह सारांश पढ़ें और प्रश्न 8 और 9 के उत्तर लिखें।**

> चुन्नी, गोपू और लल्लू के घरों में टीवी नहीं था। मनोहर चाचा का घर दूर शहर में था। वहाँ टीवी था। तीनों एक दिन चुपके से टीवी देखने निकले। शहर में वे रास्ता भूल गए। वे रोने लगे। लोग मनोहर चाचा को बुला लाए। चाचा के साथ वे घर पहुँचे। सब टीवी देखने बैठ गए। तभी बिजली चली गई।

8. चुन्नी, लल्लू और गोपू मनोहर चाचा के घर क्यों गए? 1
9. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर चुन्नी की **डायरी** लिखें। 4

**सूचना : 'नंगे पैर' कहानी का यह अंश पढ़कर 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> बेबी ने टोका, "अजी, तुमने होली का उपहार नहीं माँगा।" पोस्टमैन ने कहा, "माँगूँगा बहिनजी, साहब से भेंट नहीं हो रही है।" यह सुनते-सुनते बेबी ने पोस्टमैन के हाथ में जूते का बंडल थमा दिया। अचरज से सकपकाकर उसने बंडल खोला। भीतर एक जोड़ी सुंदर जूते थे। पोस्टमैन मन ही मन कह उठा, "इस बच्ची ने तो मुझ नंगे पैर को जूते दिए। उसके पैर नहीं हैं, वो मैं कैसे दे सकूँगा?"

10. 'सुंदर जूते' में विशेषण शब्द कौन-सा है? 1

11. उपहार देखकर पोस्टमैन ने मन ही मन क्या सोचा? 2

**अथवा**

बेबी ने पोस्टमैन को उपहार दिया। क्यों?

12. बेबी ने पोस्टमैन को जूते दिए। पोस्टमैन को बहुत आश्चर्य हुआ। उसने अपना अनुभव बताते हुए मित्र के नाम पत्र लिखा। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें। 4

**अथवा**

बेबी की **चार** चरित्रगत विशेषताएँ चुनकर लिखें।

- दूसरों से सहानुभूति रखनेवाली।
- हर बात का सूक्ष्म निरीक्षण करनेवाली।
- जल्दी क्रुद्ध होनेवाली।
- कभी-कभी अकेलापन महसूस करनेवाली।
- मन में पक्का निश्चय लेनेवाली।
- केवल अपनी ही बात सोचनेवाली।

**सूचना : 'तूफ़ानों की ओर घुमा दो' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

यह असीम, निज सीमा जाने
सागर भी तो यह पहचाने
मिट्टी के पुतले मानव ने
कभी न मानी हार
तूफ़ानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार।

13. 'कभी न मानी हार' का मतलब क्या है? 1

(क) पराजय से डरता रहा। (ख) दूसरों के अधीन रहा।
(ग) पराजय स्वीकार नहीं किया। (घ) कोई परिश्रम नहीं किया।

14. 'तूफ़ानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार' -यहाँ कवि क्या संदेश देते हैं? 1

(क) समस्याओं से डरने का (ख) समस्याओं का सामना करने का
(ग) समस्याओं से भागने का (घ) समस्याएँ पैदा करने का

15. निम्नलिखित आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

"मानव हार माननेवालों में नही है।"

**सूचना : 'संसार पुस्तक है' पत्र का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

मुझे आशा है कि इन थोड़ी-सी बातों को भी तुम शौक से पढ़ोगी और समझोगी कि दुनिया एक है और दूसरे लोग जो इसमें आबाद हैं हमारे भाई-बहन हैं। जब तुम बड़ी हो जाओगी तो तुम दुनिया और उसके आदमियों का हाल मोटी-मोटी किताबों में पढ़ोगी । उसमें तुम्हें जितना आनंद मिलेगा उतना किसी कहानी या उपन्यास में भी न मिला होगा।

16. दुनिया के संबंध में नेहरूजी का विचार क्या है? 1

(क) दुनिया एक है। (ख) दुनिया अलग-अलग है।

(ग) दुनिया संकीर्ण है। (घ) दुनिया दुर्बल है।

17. 'संसार पुस्तक है' पत्र के आधार पर **चार** सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 4

- भारत एक विशाल देश है।
- दुनिया में बसे लोग हमारे भाई-बहन हैं।
- लोगों का हाल समझने से बड़ा आनंद मिलेगा।
- यह पत्र इंदिरा प्रियदर्शिनी को प्रेमचंद ने लिखा है।
- दुनिया के लोगों में एकता की भावना होनी चाहिए।
- दुनिया का हाल किताबों में नहीं।

**अथवा**

किताबें पढ़ने से दुनिया और दुनिया के लोगों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। संकेतों की सहायता से 'वाचन का महत्व' विषय पर **लघु लेख** लिखें।

- दुनिया के देशों का परिचय
- पेड़-पौधे, जानवर, पहाड़ आदि की विशेषताएँ
- महान व्यक्तियों के विचारों को समझना
- नए विचार और दृष्टिकोण

**सूचना : 'मेरी ममतामई माँ' संस्मरण का सारांश पढ़ें और प्रश्न 18 और 19 के उत्तर लिखें।**

माँ ने कलाम को रोटी खिलाई। खा चुकने पर भाई ने कलाम को डाँटा- 'माँ ने अपने हिस्से की सारी रोटियाँ तुम्हें दे दीं। अपनी माँ को भूखों मत मारो।' कलाम दौड़कर माँ के पास गया और उनसे लिपट गया।

18. माँ ने अपने हिस्से की सारी रोटियाँ कलाम को दे दीं। क्यों? 1

(क) माँ को रोटी पसंद नहीं थी। (ख) कलाम के प्रति विशेष ममता थी।

(ग) माँ को भूख नहीं थी। (घ) घर में रोटियाँ बहुत थीं।

19. इस प्रसंग में माँ और कलाम के बीच क्या-क्या बातें हुई होंगी? माँ और बालक कलाम के बीच की बातचीत लिखें। 4

**अथवा**

सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| माँ ने | कलाम को डाँटा। |
| भाई ने | कलाम को रोटी खिलाई। |
| कलाम माँ के पास | लिपट गया। |
| कलाम माँ से | दौड़ गया। |